हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 13 जनवरी 2026

11 माता-पिता की स्मृति में भिवानी की बेटी ने स्थापित ...



12 प्रदूषण रहित ई रिक्शा पर हर माह टैक्स के विरोध में ...









## खबर संक्षेप

### खेल प्रशिक्षक के लिए आवेदन आमंत्रित

**भिवानी।** बड़सी स्थित फुटबॉल खेल के खेलो इण्डिया लघु केंद्र में अनुबंध आधार पर खेल के पूर्व चैम्पियन एथलीट को नियुक्त किया जाना है। इसके लिए 16 जनवरी तक जिला खेल अधिकारी कार्यालय द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया ये आवेदन 16 जनवरी तक लिए जाएंगे।

### अनुदान पर ट्रैक्टर लेने के लिए करें आवेदन

**चरखी दादरी।** कृषि विभाग द्वारा हरियाणा राज्य में अनुसूचित जाति के किसानों को अनुदान पर ट्रैक्टर देने के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 जनवरी है । उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि अनुसूचित जाति के किसान जिनके नाम कृषि योग्य भूमि है तथा जिन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर भी अपना पंजीकरण करवाया हुआ है, वे सभी योजना के तहत आवेदन करने के पात्र हैं।



### गांजा लेकर आ रहे दो आरोपियों को दबोचा

**भिवानी।** पुलिस थाना शहर ने दो युवकों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी जैन चौक के उप निरीक्षक धर्मबीर ने आरोपियों को गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। साथ ही, प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी पुलिस कब्जे में लिया गया। आरोपियों की पहचान अविनाश निवासी हालू मोहल्ला, भिवानी व बालबीर निवासी पुराना बस अड्डा, भिवानी के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे यह मादक पदार्थ अजीत उर्फ चोटी वाला निवासी दादरी गेट, भिवानी से ढाणा रोड पुल के नीचे से खरीदकर लाए थे, जिसे आगे बेचने की फिराक में थे।

# पालूवास में नौ दिनों से पानी की सप्लाई ठप्प, ग्रामीण बैठे धरने पर

**कभी मोटर तो कभी ट्रांसफार्मर जलने का बनाया जा रहा बहाना**

- हैरानी की बात यह है कि पब्लिक हेल्थ विभाग और बिजली निगम समस्या का समाधान करने के बजाय एक-दूसरे को कसूरवार ठहरा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। पानी की मांग को लेकर गांव पालूवास में नारेबाजी करते ग्रामीण

शहर से सटे गांव पालूवास में नौ दिनों से पीने के पानी की सप्लाई ठप्प है। कभी मोटर जलने का बहाना तो ट्रांसफार्मर जला होने की बात कह कर पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही है। विद्युत निगम मोटरों में गड़बड़ी की वजह से ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत कर रहा है,जबकि पब्लिक हेल्थ विभाग ,खराब ट्रांसफार्मर की वजह से बार बार मोटर जलने का आरोप लगा रहा है। दोनों विभागों की इसी लापरवाही का परिणाम गांव पालूवास के ग्रामीण पिछले नौ दिनों से भुगत रहे है। पानी की सप्लाई न आने की वजह से गांव में पीने के पानी को लेकर हाहाकर मचा है।

दूसरी तरफ आज इसी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जलघरों में नारेबाजी की और कुछ समय तक वहीं पर धरना देकर बैठे रहे। बाद में वहां पर तैनात कर्मचारियों ने उनकी समस्या का जल्द समाधान करवाए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर प्रदर्शनकारी शांत होकर अपने अपने घर गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी पानी की सप्लाई नियमित नहीं की गई तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव की जल आपूर्ति ठप होने का मुख्य कारण मोटर पैनल और ट्रांसफॉर्मर फ्रीक्वेंसी में तकनीकी खराबी है। बताते है कि पानी की सप्लाई देने वाले दो मोटर अचानक जल गई। पब्लिक हेल्थ विभाग ने मोटरों को ठीक करवा कर लगाया तो उसके बाद बिजली का ट्रांसफार्मर जल गया। दो दिन पहले फिर से ट्रांसफार्मर लगाया तो वह भी फिर जल गया। ऐसे में पिछले नौ दिनों से पीने के पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है। हैरानी की बात यह है कि समस्या का समाधान करने के बजाय दोनों विभाग एक-दूसरे को कसूरवार ठहरा रहे हैं। बिजली विभाग दावा कर रहा है कि फॉल्ट जनस्वास्थ्य विभाग के पैनल में है, जबकि जनस्वास्थ्य विभाग का दावा है कि समस्या बिजली विभाग के ट्रांसफॉर्मर की है, जिसकी वजह से मोटरें नहीं चल पा रही हैं।

### खरीद कर पीना पड़ रहा है पानी

सरपंच प्रतिनिधि रणबीर और ग्रामीण डा. महेंद्र चौहान ने कहा कि विभागों के बीच चल रही इस फुटबॉल की राजनीति ने ग्रामीणों और मवेशियों को प्यासा रहने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि पालुवास गांव की स्थिति इसलिए भी गंभीर है क्योंकि यहां का भूमिगत जल पूरी तरह खराब हो चुका है। टीडीएस स्तर 500 से ऊपर होने के कारण ग्रामीण पूरी तरह से सरकारी सप्लाई पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि सप्लाई बंद होने से लोग महंगे दामों पर पानी के टैंकर खरीदने को मजबूर हैं। पशुओं के लिए पानी का कोई अन्य विकल्प न होने से समस्या और विकराल हो गई है। उन्होंने कहा कि हमने सांसद और संबंधित अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया, लेकिन केवल आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं मिला। यदि जल्द ही तीनों पैनल नहीं बदले गए और सप्लाई सुचारू नहीं हुई, तो ग्रामीण बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### ग्रामीण बोले, समाधान नहीं हुआ तो उतरेंगे सड़कों पर

ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने स्पष्ट मांग रखी है कि केवल खानापूर्ति से काम नहीं चलेगा। उन्होंने मांग की कि जलघर में लगे मोटर सप्लाई के तीनों पैनलों को तुरंत बदला जाए, बिजली ट्रांसफॉर्मर की फ्रीक्वेंसी समस्या का स्थायी समाधान हो, दोनों विभाग तालमेल बिठाकर 24 घंटे के भीतर सप्लाई बहाल करें। अगर इस दौरान समाधान नहीं हो पाता है तो वे सडकों पर उतरने को मजबूर होंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सोनू, पिंकी, बिरजू, राजबीर, जितेंद्र, सतपाल पंच, सरजीत बीडीसी, रोहताश सिंह, अनुज तंवर, सुरेश, संदीप, मंजू, प्रदीप, सुरेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## सबका साथ-सबका विकास का नारा बना मजाक, लुहारी जाटू में कचरे के ढेर पर चौपाल



**भिवानी।** गांव लुहारी जाटू से सामाजिक भेदभाव और प्रशासनिक अनदेखी का मामला सामने आया है। पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि मकर संक्रांति से पहले पिछड़े वर्ग और अनुसूचित जाति की चौपालों से गंदगी नहीं हटाई गई तो वे गोबर के ढेर पर निर्वस्त्र होकर धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। भिवानी के समाधान शिविर में उपायुक्त को सौंपे गए शिकायती पत्र में पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने गांव लुहारी जाटू की दुर्दशा का वर्णन किया है। उन्होंने बताया कि गांव में पिछड़े वर्ग और वाल्मीकि समाज की चौपालें एक ही स्थान पर स्थित हैं।

### गोबर और राख के ऊंचे-ऊंचे ढेर

ईश्वर सिंह मान ने बताया कि जांगड़ा समाज की चौपाल में 8 फीट की ऊंचाई तक ठूस-ठूस कर कूड़ा भरा गया है। यही नहीं इस चौपाल की तो चारदीवारी तक नहीं निकलने दी गई। चौपालों के पास गोबर और राख के ऊंचे-ऊंचे ढेर लगे हुए हैं, जिससे स्थानीय निवासियों और समाज के लोगों का वहां बैठना दूभर हो गया है। ईश्वर मान ने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार विकास के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर अति पिछड़े और अनुसूचित जाति के लोग बुनियादी गरिमा के लिए तरस रहे हैं। मान ने उपायुक्त के माध्यम से कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, रणबीर सिंह गंगवा और सांसद रामचंद्र जांगड़ा से मांग की है कि इस समस्या का समाधान तुरंत किया जाए।



## लोहारू में बर्फीली ठंड ने लोगों को सताया, स्वर्ण जयंती पार्क में घास पर जमी बर्फ की चादर

**लोहारू।** कड़ाके की सर्दी का केंद्र बिंदु माने जाने वाले हिसार और नारनौल के बीच बसने वाले लोहारू इलाके के लोग भी अब कड़ाके की ठंड और बर्फीली हवाओं के थपेड़े झेलने को मजबूर है। मंगलवार तड़के अल सुबह न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु की ओर जाता दिखाई दिया क्योंकि शहर के स्वर्ण जयंती पार्क में सुबह का नजारा शिमला की वादियों से कम नही था। पूरे पार्क की घास पर ओस की बूंदों ने बर्फ का रूप धारण कर लिया और पूरे पार्क परिसर में बर्फ की सफेद चादर दिखाई दी। बता दें कि पिछले तीन चार दिनों से इलाके में हाड़ कंपा देने वाली ठंड का अहसास दिखाई दे रहा है। भले ही दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन के साथ ही लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलती है लेकिन सांय ढलते ढलते तापमान में गिरावट के साथ ही ठंड बढ़ने लगती है। सुबह और सांय को ठंड के चलते बाजारों में लोगों की आवाजाही काफी कम दिखाई देती है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान करीब चार डिग्री और अधिकतम तापमान करीब 16 डिग्री बताया जा रहा है। लगातार तापमान में गिरावट और खेतों की कई स्थानों पर पाला जमने तथा मंगलवार को स्वर्ण जयंती पार्क में अल सुबह बर्फ की चादर दिखाई देने के बाद चिकित्सकों ने भी बुजुर्गों और बच्चों से सुबह और सांय घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी।

## देवावास के नजदीक सड़क हादसे में दो की मौत

- खेतों से पानी लगाकर लौट रहे थे युवक
- दो अन्य घायल युवकों का निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

**तोशाम।** तोशाम क्षेत्र के गांव देवावास के नजदीक ईशरवाल–सिवानी मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक थार गाड़ी की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद गांव देवावास में मातम पसरा हुआ है। रविवार को खेतों से पानी लगाकर गांव लौट रहे ग्रामीणों को पीछे से आई थार गाड़ी ने कुचल दिया। पहले पैदल चल रहे ईश्वर और संजय को टक्कर मारी, इसके बाद अनियंत्रित गाड़ी ने आगे चल रही बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में करीबन 50 वर्षीय ईश्वर और करीबन 25 वर्षीय युवक नरदीप की मौत हो गई, जबकि अनिल और संजय का हिसार के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के परिजनों के बयान दर्ज कर थार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अंग्रेजी के लेक्चरर पद के अभ्यार्थियों ने सिर पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया

- 35 प्रतिशत के मापदंड को हटाए एचपीएससी, उत्तरपुस्तिका की दोबारा जांच करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (एचपीएससी) द्वारा आयोजित अंग्रेजी के लेक्चरर की भर्ती प्रक्रिया को लेकर पंचकूला में अनिश्चित कालीन धरना चल रहा है। पंचकूला धरने की कॉल पर सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के बाहर अभ्यार्थियों का गुस्सा एक बार फिर फूट पड़ा तथा अभ्यार्थियों ने सिर पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

इस दौरान अभ्यार्थियों ने मांग करते हुए कहा कि एचपीएससी द्वारा लगाया गया 35 प्रतिशत के मापदंड को हटाया जाए व उत्तरपुस्तिका की दोबारा जांच करवाई जाए। बता दे कि एचपीएससी ने अंग्रेजी के लेक्चरर के लिए कुल 613 पदों पर भर्ती निकाली थी, परीक्षा के परिणाम में सिर्फ 151 को पास किया गया। जिसके बाद से ही लगातार प्रदर्शन हो रहे है। विपक्ष द्वारा भी इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरने का काम किया गया। स्थानीय लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए अभ्यर्थियों सुमित्रा,निधि ओर मानसी ने बताया जब से परीक्षा का परिणाम आया है तब से मानसिक पीड़ा का शिकार हो गए है। उन्होंने कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर लगना उनका सपना है और इस सपने को साकार करने के लिए कई साल दिन रात मेहनत की है। लेकिन एचपीएससी ने ऐसा खेल खेला की हमारे सपनों की हत्या कर दी।

### बाहर के लोगों को लगाया जा रहा

प्रदर्शन में पहुँचे अधिवक्ता दीपेश सारसर ने कहा कि इस भर्ती के माध्यम से आरक्षित वर्ग को दर किनार किया गया, क्योंकि आरक्षित वर्ग बीसी-ए की 60 सीटों में से 6, बीसी-बी की 36 सीटों पर 3, ईडब्ल्यूएस की 60 सीटों पर 6, ओएससी की 60 सीटों पर 2 तथा डीएससी की 60 सीटों पर मात्र एक अभ्यार्थी को पास किया गया। छात्र नेता प्रवीण बुरा ने कहा कि हरियाणा सरकार एचपीएससी का चैयरमैन बिहार का लगाती हैं और हरियाणा के युवाओं को रोजगार नही देती। सरकार रोजगार की गारंटी की सिर्फ बाते करती है। इस मौके पर दीपा, कोमल, सचिन, रश्मि, प्रवीन, अनुज कुमार, पवन कुमार मौजूद रहे ।

## प्रशिक्षण: खेल-खेल में शिक्षा देने के बताए तौर-तरीके

# 'पाठ के मूल्यांकन' से जांचें ज्ञान, पढ़ाई में कमजोर छात्रों का रखें 'विशेष ध्यान'

**आम बोलचाल के शब्दों को बच्चा सिखता है जल्दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



सोमवार को सरकारी स्कूल व बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक शिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का आगाज हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने जेबीटी टीचरों को खेल खेल में शिक्षा देने के तौर तरीके बताए। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि बच्चों को उनके परिवेश के हिसाब से ज्ञान बढ़ाए। बच्चों को उनके बोलचाल के तरीकों से शब्दों के मेल के बारे में जानकारी दे। चूंकि आम भाषा में प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को बच्चा अधिक जल्दी केच करता है। शिविर में प्रशिक्षकों ने बताया कि शिक्षक छह दिन बच्चों को सब्जेक्ट का पाठ पढाए और उसके बाद छठे दिन उस पढाए गए पाठ का मूल्यांकन करें। ताकि यह स्पष्ट हो पाए कि शिक्षक द्वारा पढाए गए पाठ में से कितना समझ आया और कौन कौन से प्वाइंट बच्चे की समझ से परे है। इस प्रशिक्षण के दो बैच 8 व 9 जनवरी को आयोजित किए गए।

## बैटरियां चोरी करने के मामले में दो अन्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बवानीखेड़ा।** पुलिस ने पेट्रोल पंप से इन्वर्टर बैटरियां चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस संबंध में शिकायतकर्ता नरेंद्र निवासी हांसी ने थाना बवानी खेड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह गांव सिकंदरपुर (हांसी–भिवानी रोड) स्थित पेट्रोल पंप पर मैनेजर के रूप में कार्यरत है। 07 जनवरी को सुबह जब वह पेट्रोल पंप पर पहुंचा तो वहां बिजली नहीं थी। जांच करने पर पाया कि इलेक्ट्रिक रूम के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा अंदर रखी हुई 10 बैटरियां चोरी कर ली गई थीं। शिकायत के आधार पर थाना बवानी खेड़ा में अभियोग दर्ज किया गया था। मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना बवानी खेड़ा के सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बिंटू निवासी फतेहाबाद व सोमबीर निवासी सिकंदरपुर के रूप में हुई है।

# अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने आबिद खान

**भिवानी।** अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा (भारतीय मजदूर संघ ), जिला भिवानी का जिला अधिवेशन सोमवार को यहां संपन्न हुआ। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह महेला ने भारतीय मजदूर संघ की विचारधारा, कार्यप्रणाली तथा संघ से जुड़कर अनुबंधित कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी और संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डाला।

अधिवेशन में मुख्य रूप से अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला फतेहाबाद की जिला मंत्री अनीता बराला, जिला भिवानी के जिला मंत्री संदीप बागनवाला, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप कश्यप ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की बात कही। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मनीष कुमार द्वारा जिला भिवानी की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें आबिद खान को जिला अध्यक्ष , संत कुमार जालान,रफीक, शोभा को उपाध्यक्ष, भूप सिंह को जिला मंत्री, बलजीत को सह मंत्री, बलवंत को कोषाध्यक्ष, हुसैन खान को सह कोषाध्यक्ष, संदीप बागनवाला को संगठन मंत्री व रवि को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीपक मानेहरू, दुलीचंद तोशाम, वीरेंद्र जमालपुर, संदीप धनाना व कुसुम जालान को शामिल किया गया है।

हरिभूमि सहेली






मकर संक्रांति पर्व असल में प्रकृति के बदलाव का उत्सव है। इन दिनों स्त्रियों का उल्लास-उमंग देखते ही बनता है। मकर संक्रांति से ही घर-परिवार में विवाह या दूसरे शुभ कार्य आरंभ हो जाते हैं। यह पर्व हमारे खान-पान और दिनचर्या में भी बदलाव लेकर आता है। गुड़, तिल से बने स्वादिष्ट व्यंजन और आकाश में उड़ती-लहराती पतंगें, हमारे मन और जीवन को नव ऊर्जा से भर देती हैं।

# मकर संक्रांति

## नव ऊर्जा और अपनेपन का उत्सव

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार में त्योहारों के उत्सवीय रंगों की डोर स्त्रियां ही थामती हैं। महिलाएं पारंपरिक अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों की धुरी कही जाती हैं। बहू-बेटियां उत्सवों के परंपरागत और आध्यात्मिक महत्व को मन से समझती हैं। त्योहारों पर घर-आंगन की सज-धज से जुड़ी रचनात्मकता हो या मेल-जोल की सामूहिकता, महिलाएं बहुत सहजता से जीवन के हर पहलू को संभाल लेती हैं। पूरे माहौल को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर देती हैं।

### प्रकृति का उत्सव और स्त्रीमन

उमंगों और पतंगों का पर्व संक्रांति, असल में प्रकृति के बदलाव का भी उत्सव है। स्त्रियों का मन वैचारिक और व्यावहारिक दोनों मोर्चों पर कुदरत के करीब होता है। असल में संक्रांति का पर्व अकेला ऐसा हिंदू त्योहार है, जो चंद्र पंचांग के हिसाब से नहीं बल्कि सौर पंचांग के हिसाब से मनाया जाता है। प्राकृतिक घटनाओं के आधार पर देखें तो संक्रांति का अर्थ ही परिवर्तन या गति है। उत्तरायण का शुभ काल, शुरू होने के चलते साल भर में आने वाली 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति सबसे अहम होती है। उत्तरायण का समय देवी-देवताओं के पूजन का समय माना जाता है। यही वजह है कि इस पर्व के बाद कई त्योहार आते हैं। शुभ मुहूर्त और शुभ कार्य आरंभ होते हैं। ठिठुरती ठंड और घने कोहरे के बाद आने वाले देशभर के इस प्यारे त्योहार पर स्त्रियों का उल्लास भी देखते ही बनता है। घर-परिवार में विवाह हो या कोई दूसरा शुभ कार्य, महिलाओं को सबसे अधिक चाव होता है। साथ ही यह त्योहार हमारे रहन-सहन, खान-पान और दिनचर्या में बदलाव लेकर आता है। बदलते मौसम की इस रुत में भी महिलाओं के मन और जीवन में भी नई ऊष्मा का संचार होता है।

### जुड़ाव और एकता का उत्सव

परिवार हो या देश-परिवेश, सामाजिक सद्भाव और एकता की डोर से स्त्रियां सबके दिलों को जोड़ती हैं। सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े मान-मनुहार के भाव महिलाओं ने ही सहेज रखे हैं। मित्रों-रिश्तेदारों का मेलजोल मकर संक्रांति के त्योहार का अहम हिस्सा होता है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर उनसे मिलने जाते हैं। असल में मकर राशि को शनि देव का घर माना जाता है। संक्रांति का त्योहार, सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का ही उत्सव है। आध्यात्मिक रूप से भी यह मान्यता रिश्तों को मजबूती देने और मेलजोल बनाए रखने का ही संदेश लिए है। यूं भी सूर्य अपना प्रकाश, ऊर्जा और रोशनी की सौगात पूरे संसार को बिना किसी भेदभाव के बांटता है। साथ ही सूर्य का उत्तर दिशा में होना भी आध्यात्मिक रूप से काफी महत्व रखता है। ऐसे में उत्तरायण का उत्सव एकता की सोच को भी सींचता है। सहज जीवन में इसे महिलाएं ही खाद-पानी देती हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर स्नान और दान का भी बहुत महत्व है। इस दिन तिल, गुड़, खिचड़ी, फल या आर्थिक मदद देने की रीत है। महिलाएं किसी की सहायता करने वाली रीत निभाने में आगे रहती हैं। इस त्योहार पर जरूरतमंदों को अनाज, कपड़े या दूसरी चीजें दान करने की सोच स्त्रीमन में मौजूद सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से ही मिलवाती है।

### पतंगों के संग उमंगों का उत्सव

बच्चे हों या बड़े, मकर संक्रांति का त्योहार सभी के लिए रंग-बिरंगी पतंगों का एक उत्सव होता है। हमारे देश के कई राज्यों की पतंगबाजी तो दुनिया भर में चर्चित है। वैसे यह त्योहार हर क्षेत्र में अलग रंग, अलग ढंग से मनाया जाता है। इस दिन आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में संक्रांति और तमिलनाडु में पोंगल का त्योहार मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इस समय नई फसल घर लाने का उत्सव लोहड़ी के रूप में मनाते हैं। वहीं असम में इस दिन बिहू पर्व का उल्लास छाया रहता है। बिहू उत्सव में नृत्य करतीं स्त्रियां हों या लोहड़ी पर गिद्दा नृत्य का उल्लास बिखेरती महिलाएं। पतंगबाजी के पेच लड़ाती बेटियां हों या पोंगल के पारंपरिक अनुष्ठान में घर के द्वार पर सुंदर कोलम रंगोली सजाने वाली महिलाएं। हर रूप में यह पर्व महिलाओं के मन की उमंगों की झांकी-सा होता है। पोंगल पर्व पर तो थाई पोंगल यानी सूर्य पूजा और मट्टू पोंगल यानी पशु पूजा के समय महिलाएं ही पूजा अनुष्ठानों का नेतृत्व करती हैं। साथ ही पूरे परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। वहीं उत्तर भारत की पतंग उड़ाने की परंपरा भी मनोरंजन भर नहीं है। डोर से बंधी आसमान में उड़ती पतंग, आपसी रिश्तों को भी जोड़ती है। मेल-मिलाप का यह रंग आंगन की बजाय छतों-चौबारों की साझी बैठकी में खिलता है। समरसता के इस भाव को भी स्त्रियां ही बल देती हैं।



### सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को पोसती लोहड़ी

लोहड़ी का पर्व भी प्रकृति का आभार जताने का ही उत्सव है। हमारे कृषि प्रधान देश में लोहड़ी का त्योहार फसलें कटकर घर आने की खुशी में मनाया जाता है। साथ ही यह पर्व सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को भी पोसता है। विशेषकर पंजाब और हरियाणा में धूमधाम से मनाए जाने वाले इस पर्व को तिलोड़ी भी कहते हैं। शादी के बाद की पहली लोहड़ी बहुत खास होती है। पारंपरिक रूप से बेटे के जन्म के बाद पहली लोहड़ी बहुत धूमधाम से मनाई जाती थी। बेटे के जन्म के बाद घर में ढोल-नगाड़ों से उसका स्वागत किया जाता था और पहली लोहड़ी पर



गांव भर में उसके आगमन की मिठाई बांटी जाती थी। सुखद है कि लाडलियों के प्रति परिवार-समाज में आई सहज स्वीकार्यता की सोच से घर-परिवार में एक बड़ा बदलाव दिखने लगा है। अब बिटिया की पहली लोहड़ी भी खूब हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। शादी के बाद भी बेटी की पहली लोहड़ी पर मायके वाले त्योहारी भिजवाते हैं। यह स्नेह भरा शगुन उन्हें अपने आंगन से जोड़े रखने की सोच लिए है। मूंगफली और रेवड़ी का प्रसाद और लोकगीतों का साथ इस पर्व को बहुत खास बना देता है।

---

# खुश रहना भी एक आर्ट है

हर कोई चाहता है, वह खुश रहे। लेकिन खुश रहने का कोई बना-बनाया फॉर्मूला नहीं होता है। यह एक आर्ट ऑफ लाइफस्टाइल है। आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ छोटे बदलाव करके भी खुश रह सकती हैं। यहां दी गई बातें अमल में लाएं और हमेशा खुश रहें।



जीवनशैली

अलका जैन

रविवार की सुबह आभा पार्क में टहल रही थी, तभी सामने से उसे राधा आती दिखी। हमेशा की तरह वह मुस्कुराते हुए मिली, बातें कीं। लेकिन उसकी आंखों में कहीं न कहीं एक मायूसी थी। आभा ने पूछा, 'सब ठीक है न?' राधा ने ठंडे स्वर में 'हां' तो कहा लेकिन उसकी मुस्कान बनावटी सी लगी। हम में से कई लोग अकसर अपनी थकान, उदासी या तनाव को मुस्कुराहट के पीछे छुपा लेते हैं, सिर्फ इसलिए कि दुनिया हमें खुश देखे। वास्तव में खुश रहना एक आर्ट है। इसके लिए आपको यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



**इन लक्षणों को पहचानें:** मन से नाखुशी, हमेशा शब्दों में प्रकट नहीं होती, संकेतों के रूप में भी सामने आती है। इन्हें पहचानना जरूरी है। हर समय थकान महसूस होना। पहले पसंद आने वाले कामों में रुचि कम हो जाना। नींद या भूख में बदलाव। मित्रों और जानने वालों से दूरी बना लेना। इन संकेतों को नजरअंदाज करना आसान है, लेकिन यही वह पल है, जब आपको रुककर खुद से पूछना चाहिए- 'मैं सच में कैसा महसूस कर रही हूं?' अगर उत्तर पॉजिटिव न मिले तो लाइफस्टाल में बदलाव करें।

**सही नहीं तुलना करना:** हर बात में दूसरों से तुलना, धीरे-धीरे आत्मसम्मान को चोट पहुंचाती है। किसी की करियर की सफलता, किसी का खूबसूरत घर या सोशल स्टेटस देखकर इंफीरियर महसूस करने से आप बेवजह अपने को खुशी से दूर कर लेती हैं। सच यह है कि किसी की भी जिंदगी परफेक्ट नहीं होती। इसलिए दूसरों से तुलना करने से बचें।

**मानसिक स्वास्थ्य पर असर:** हालांकि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। लेकिन खुले तौर पर अपनी परेशानियों को साझा करने में अब भी झिझक महसूस होती है। तनाव, चिंता, अकेलापन और अवसाद जैसे मनोभाव, किसी को भी प्रभावित कर सकते हैं, चाहे वह बाहरी रूप से कितनी भी खुश क्यों न दिखे। जब तक आप मेंटली हेल्दी नहीं होंगी, खुश नहीं रह सकती हैं।

**खुद के साथ समय बिताएं:** खुश रहना मन की एक अवस्था है। इस पाने की शुरुआत खुद को समय देने से होती है। इसके लिए सबसे पहले सुबह उठकर कुछ मिनट ध्यान या गहरी सांसें लें। हफ्ते में एक दिन सिर्फ अपने पसंदीदा काम के लिए रखें। नित्य प्रकृति के साथ समय बिताएं।

**सोशल मीडिया पॉजिटिव हैबिट्स:** सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाना जरूरी नहीं, बल्कि इसे अपने लिए पॉजिटिव बनाने की आदत कारगर है। ऐसे पेज और अकाउंट फॉलो करें, जो प्रेरणा और सुकून देते हों, ऐसे लोगों को रोल मॉडल बनाएं, जिनकी कथनी और करनी में अंतर ना हो। सबसे जरूरी है कि सोशल मीडिया को यूज करने का समय सीमित करें।

**थोड़ा रिलैक्स होना भी है जरूरी:** मुस्कान सिर्फ होंठों पर नहीं, मन में भी होनी चाहिए। अगर आज आपको लगता है कि आप थक गई हैं, तो इसे स्वीकार करें और कुछ देर रिलैक्स जरूर करें। याद रखें, रुकना, सांस लेना और फिर से शुरू करना बिल्कुल ठीक है। इसलिए थकान महसूस होने पर रिलैक्स होना भी जरूरी है। इससे मन को ताजगी अहसास होता है।

### बात करना और सुनना

**कभी-कभी** हमें लगता है कि हमारे पास कहने के लिए सही शब्द नहीं हैं या लोग हमें समझेंगे नहीं। लेकिन सच यह है कि सही लोगों से बातचीत आधी परेशानी हल कर देती है। दोस्त, परिवार या कोई भरोसेमंद सहकर्मी। किसी से भी अपनी बात कह देना, मन को हल्का कर सकता है। उतना ही जरूरी है, दूसरों को सुनना क्योंकि हो सकता है उनकी बातों में भी वही कहानी छुपी हो, जिससे आप खुद गुजर रही हों।



---

सलाह

प्रतिभा अग्निहोत्री

आज भी काफी लोग रेडीमेड स्वेटर के बजाय हाथ के बुने स्वेटर पसंद करते हैं। हाथ से बने स्वेटर बनाते समय कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। इन बातों को अमल में लाएंगी तो आपकी बुनाई कुछ अलग ही रंग जमाएगी।

# सर्दियों में बुनाई करते समय

## रखें इन बातों का ध्यान

आजकल हाथ के बुने स्वेटर का चलन कुछ कम हो गया है लेकिन स्वेटर बुनने के शौकीन अपने हाथों को रोक ही नहीं पाते। साथ ही फैशन कोई भी हो कुछ लोंगों को बाजार के रेडीमेड स्वेटर की अपेक्षा हाथ के बुने स्वेटर ही पसंद आते हैं। छोटे बच्चों को तो आज भी माताएं हाथ के बने स्वेटर ही पहनाना पसंद करतीं हैं, क्योंकि रेडीमेड स्वेटर्स की अपेक्षा हाथ के बुने स्वेटर्स ज्यादा गरमाते हैं। यदि आप भी बुनाई की शौकीन हैं तो यहां बताई जा रही बातें ध्यान में जरूर रखें, जो स्वेटर बुनते समय आपके लिए बहुत उपयोगी और फायदेमंद होंगी-



- ऊन खरीदने से पहले किसके लिए क्या बनाना है,यह सुनिश्चित कर लें, क्योंकि बच्चों के लिए गहरे रंग, बड़ों के लिए हल्के और लड़के-लड़कियों के रंग भी अलग-अलग होते हैं।
- छोटे बच्चों के लिए फर वाली या फैशनेबल ऊन खरीदने की अपेक्षा अच्छे ब्रांड का बेबी वूल ही खरीदें, क्योंकि यह एकदम नरम और बिना रोएं वाली होती हैं।
- ऊन हमेशा आवश्यकता से कुछ अधिक ही खरीदें, क्योंकि कम पड़ने पर अकसर उसी शेड की ऊन मिलना मुश्किल हो जाता है।
- मोटी प्लाई के लिए कम नंबर की और पतली प्लाई वाली ऊन के लिए अधिक नंबर की सलाई को यूज करें।
- गले, बाहों और कमर के बॉर्डर के लिए दो नंबर अधिक की सलाई लें अर्थात यदि बॉर्डर 10 नंबर से बना रही हैं तो पूरा स्वेटर 8 नंबर से बनाएं, इससे स्वेटर देखने में तो अच्छा लगेगा ही बॉर्डर लूज भी नहीं होगा।
- बुनाई करते समय बुनने वाली सलाई को पूरा खत्म करके ही उठें अन्यथा फंदे निकलकर आपके स्वेटर डिजाइन को ही खराब कर सकते हैं।
- फंदे सदैव कड़े हाथ से और दोहरी ऊन से ही डालें, क्योंकि ढीले हाथ से डाले गए फंदे बाद में और ढीले हो जाएंगे और स्वेटर का आकार ही बिगड़ जाएगा।



- बुनाई करते समय ऊन के गोलों को एक पॉलीथिन बैग में रखें, जब बुनाई बंद करें तो इसी में बुने स्वेटर को सलाई सहित रखें, इससे आपका आधा बुना स्वेटर गंदा नहीं होगा।
- छोटे बच्चों के स्वेटर पर ऊपर किसी भी प्रकार के मोती, नग, सितारे, कुंदन आदि न लगाएं, क्योंकि वे इन्हें मुंह में डाल सकते हैं। उनके स्वेटर पर कढ़ाई इत्यादि करने के लिए धागे या ऊन का ही प्रयोग करें।
- स्वेटर बनाने के बाद उल्टी तरफ निकले धागों और गांठों को कैंची से थोड़ा-सा काटकर क्रोशिया या सलाई की सहायता से ऊन के धागों में छिपा दें।
- जहां तक संभव हो छोटे बच्चों के स्वेटर एक से अधिक रंग के और अधिक डिजाइन वाले न बनाएं ताकि ऐसे स्वेटरों या मोजों को पहनते समय उनके हाथ-पैर आदि इनके धागों में न उलझें।
- दो रंग का स्वेटर बनाते समय एक रंग की अपेक्षा 10-12 फंदे अधिक डालें, क्योंकि दो रंग के धागे आपस में उलझकर खिंचते हैं।



---



हेयर


शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# अप्लाई करें हेयर परफ्यूम

## बालों से आएगी भीनी-भीनी खुशबू

हेयर परफ्यूम, बालों को सुगंधित करने के साथ फ्रेश लुक देने में भी मदद करते हैं। हेयर परफ्यूम रूखे, फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है। लेकिन इसे अप्लाई करने से पहले इसके बारे में जानना भी जरूरी है।

**हेयर परफ्यूम की खासियतें:** हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल नहीं होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये बालों को अपनी खुशबू से महकाता और साथ-साथ बालों को मॉयश्चराइज भी करता है, जिससे बाल हेल्दी और तरोताजा नजर आते हैं। इनसे बाल और भी आकर्षक नजर आते हैं। हेयर परफ्यूम, बालों को सुंदर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको ताजगी महसूस करवाता है। कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क लेते हैं, लेकिन उसमें अल्कोहल होता है, जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है। जबकि हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर वाटर बेस्ड होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाता है और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाता है। हालांकि बाजार में ब्रांडेड हेयर स्प्रे भी मिलते हैं लेकिन आप चाहें तो घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बना सकती हैं।



**रोज एसेंस हेयर परफ्यूम:** गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बॉटल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी समारोह या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं।

**गुलाब जल और विच हेजल:** कांच के एक बर्तन में आधा चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच विच हेजल (स्किन केयर में यूज किया जाने वाला एक पौधा) को अच्छी तरह मिला लें। अब इस मिश्रण में पांच बूंदें गुलाब के तेल की मिलाकर मिश्रण को स्प्रे बॉटल में डाल लें। यह हेयर परफ्यूम स्प्रे तैयार है।

**हेयर परफ्यूम ऐसे लगाएं:** सबसे पहले बॉटल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें। ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों-बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो। जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि परफ्यूम का समान वितरण हो सके। यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है।

---

हेल्थ सजेशन

डॉ. अश्वनी कानेटकर

होम्योपैथ कंसल्टेंट

कम तापमान, ठंडी हवाएं और प्रदूषण की वजह से कुछ लोग एलर्जी की समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं। अगर ध्यान नहीं देंगी तो यह समस्या बढ़ भी सकती है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए बचाव के उपाय अपनाना जरूरी है।

# सर्दी के मौसम में हो सकती है एलर्जी

बदलते मौसम में ही नहीं बहुत अधिक ठंड के दिनों में भी तरह-तरह की एलर्जी की समस्याएं हो सकती हैं। धूप ज्यादा न होने से हवा में नमी और रूखापन बढ़ने लगता है। ऐसे मौसम में कई बैक्टीरिया और फफूंदी पैदा होने लगते हैं, जो हमारी त्वचा, आंखों और सांस की नलियों में प्रवेश करके उन पर सीधा असर डालते हैं। परिणामस्वरूप कई तरह की एलर्जी के मामले सामने आने लगते हैं।

**एलर्जी के मुख्य कारण:** इन दिनों धूप की कमी की वजह से हवा में नमी बढ़ी हुई है। इसके अलावा कई शहरों, महानगरों में प्रदूषण का स्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। कोहरा और प्रदूषण मिलकर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करते हैं। इस दौरान कई तरह के बैक्टीरिया, धूल के कण और प्रदूषक पदार्थ की वजह से एलर्जी की समस्या पैदा होती है।

**इन लक्षणों का रखें ध्यान:** एलर्जी के लक्षण सामान्य तौर पर सर्दी-जुकाम जैसे लग सकते हैं। लेकिन अगर ये लंबे समय तक बने रहें तो डॉक्टर से परामर्श करना जरूरी हो जाता है। किसी भी तरह की एलर्जी का सही ट्रीटमेंट न करने से शारीरिक समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए यहां बताए जा रहे लक्षणों पर नजर रखें और डॉक्टर से कंसल्ट करने में देर ना करें।



**लगातार छींक आना:** हवा में मौजूद नमी, नाक और श्वास नलियों को प्रभावित करती है, जिससे कई लोगों को या तो लगातार छींके आने लगती हैं या फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। बुखार भी आ सकता है। कुछ लोगों को ऐसे लक्षण केवल सुबह या शाम के समय दिखते हैं, जबकि दिन में तापमान बढ़ने पर ये लक्षण अपने आप रुक जाते हैं।

**आंखों में जलन:** इस मौसम में हवा में रूखापन बहुत बढ़ जाता है, जिससे कुछ लोगों में आंखों का लाल होना या आंखों में जलन और पानी निकलने जैसी समस्याएं दिखने लगती हैं।

**त्वचा पर रैशेज या ईचिंग:** कई बार इंड के मौसम में हवा में मौजूद फंगस त्वचा की समस्याओं को बढ़ा देते हैं, जिससे रैशेज और इचिंग की समस्या बढ़ती है। रूखी हवाओं की वजह से समस्या बढ़ती है।

प्रस्तुति: बुशरा फातिमा

### अपनाएं बचाव के उपाय

सर्दी के मौसम में होने वाली एलर्जी की समस्याओं से बचाव के लिए आप यहां बताए जा रहे उपाय आजमा सकती हैं।

- जब भी धूप निकले कुछ देर रोजाना धूप में जरूर बैठें। इससे कई तरह की एलर्जी से आपका बचाव होगा।
- पहनने वाले कपड़े और बिस्तर नम न हों इसका ध्यान रखें। जब भी धूप निकले इसे जरूर सुखाएं।
- अगर एलर्जी या इंफेक्शन की वजह से नाक और गले में दर्द हो रहा हो तो भाप लेना फायदेमंद होता है।
- अपनी इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए घर का बना काढ़ा जिसमें हल्दी, गिलोय, नीबू, तुलसी आदि शामिल हो, उसका नियमित सेवन करें। इससे आप कई तरह की एलर्जी से बची रहेंगी।
- विटामिन-सी युक्त फलों जैसे संतरा, नीबू, अमरूद आदि का अधिक सेवन करें।
- होम्योपैथी में कुछ दवाएं एलर्जी से बचाती हैं। आप इनका सेवन डॉक्टर के कंसल्टेशन से कर सकती हैं।

## खबर संक्षेप



### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में प्रशिक्षण का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में शिक्षकों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पिछले चार दिनों तक विभिन्न विषयों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण सत्रों में सीबीएसई के अनुभवी रिसोर्स पर्सन द्वारा समसामयिक शैक्षिक विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन सीबीएसई रिसोर्स पर्सन बालेश्वर मेहतो द्वारा स्ट्रेनथिंग असेसमेंट एंड एव्यूलेशन प्रेक्टिस विषय पर सत्र लिया गया। उन्होंने मूल्यांकन की नवीन

### फतेह चंद शर्मा के निधन पर शोक जताया

**बाढड़ा।** गांव धनासरी निवासी फतेहचंद शर्मा के निधन पर अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंच कर गहरी संवेदना प्रकट की। भाजपा किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता रामौतार शर्मा के पिता ब्राह्मण नेता फतेह चंद शर्मा के निधन पर पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान, हरियाणा सटोन क्रेशर एसोसिएशन अध्यक्ष सोमबीर घसौला, जिला पार्षद अशोक कादमा, दी केन्द्रिय सहकारी बैंक के वाईस चेयरमैन संदीप बाढड़ा, पूर्व सरपंच रणबीर कासदमा, इंद्रजीत शर्मा, नरेश ठेकेदार, किसान नेता आनंद वालिया, डा. अशोक ने शोक जताया।

### सनातन संस्कारों के साथ मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**भिवानी।** कोंट रोड, मिनी बायपास, काली माता मंदिर रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के तत्वावधान में महान संन्यासी, विचारक और युवा प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में श्रद्धा, उल्लास और सनातन चेतना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण नमन करने के साथ हुई। इस अवसर पर श्रद्धालु, युवा व संस्था सदस्य उपस्थित रहे। मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद सनातन धर्म के ऐसे महान प्रवक्ता थे, जिन्होंने वेदांत और भारतीय संस्कृति का संदेश न केवल देश में बल्कि विश्व मंच पर पहुंचाया।

### बच्चों को अधिकारों की जानकारी दी

**भिवानी।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बालाजी शिक्षण संस्थान में विशेष कानूनी जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों में उनके अधिकारों की जानकारी। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह सचिव पवन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ दी । बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया।

## गाता परिंदा, ख़्वाब बुजुर्गों के बच्चों में ज़िंदा जैसे गीत प्रस्तुत किए

# माता-पिता की स्मृति में भिवानी की बेटी ने स्थापित की स्वयंसेवी संस्था

*दिल्ली से आए प्रसिद्ध गायक अमित चिटकारा ने दी शानदार प्रस्तुति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सुप्रसिद्ध शिक्षाविद एवं लेखिका डॉ रश्मि बजाज द्वारा वैश्य कालेज सभागार में अपने माता-पिता पुष्पलता एवं रोशन लाल बजाज की पुण्य स्मृति में एक भव्य सुर-संध्या का आयोजन किया गया। दिल्ली से आए प्रसिद्ध गायक अमित चिटकारा ने अपनी विविध संगीत प्रस्तुतियों – सूफी भजन , लोक संगीत द्वारा श्रोताओं को मंत्र-मुग्ध किया तथा लोहड़ी उत्सव का स्वागत करते हुए अपने जोशीले गीतों से सबको झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉ रश्मि बजाज द्वारा रचित भिवानी एवं भिवानी-वासियों को समर्पित ,प्रियंका जनागल के साथ प्रस्तुत उनका गीत रहा। मेरे शहर की माटी है, दुनिया में जाऊं जहां खुशबू संग जाती है , ये गाता परिंदा है /ख़्वाब बुजुर्गों के बच्चों में जिंदा हैं जैसे गीतों की प्रभावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।




**भिवानी।** सुर संध्या कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्मानित करते सांसद।

### सांसद ने किया उद्घाटन

इस आयोजन की एक महत्वपूर्ण कड़ी थी इस अवसर पर पुष्प लता बजाज एवं रोशन लाल बजाज की स्मृति में डॉ रश्मि बजाज एवं डा अपर्णा बत्रा द्वारा स्थापित, कला, साहित्य, शिक्षा संस्कृति एवं सामाजिक कल्याण को समर्पित संस्था 'अभिसृष्टि' का भिवानी लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह एवं पूर्व राज्यसभा सांसद शादी लाल बत्रा द्वारा उद्घाटन। संस्था-संस्थापकों ने अभिसृष्टि संस्था के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए बताया कि यह संस्था अपने विभिन्न कार्यों एवं कार्यक्रमों द्वारा सकारात्मक, सुसंस्कृत, मानवीय मूल्य-प्रधान , समरसतापूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान देगी। इस अवसर पर आईआईटी रुड़की संस्थान से शिक्षा प्राप्त एवं स्वयं को आध्यात्मिक संगीत द्वारा बेहतर समाज के निर्माण के लिए समर्पित करने हेतु सुप्रसिद्ध युवा गायक अंकित चिटकारा को 'अभिसृष्टि यूथ टैलेंट औनर 2026' से अलंकृत किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सीबीएलयू की उप कुलपति डॉ दीप्ति धर्मानी, वैश्य कॉलेज गवर्निंग बॉडी के पदाधिकारी शिव रतन गुप्ता, पवनबुवानी वाला, एडवोकेट अविनाश सरदाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। समाज के विभिन्न वर्गों यथा शिक्षा, चिकित्सा जगत, व्यापार, साहित्य,कला,समाजसेवी संस्थाओं एवं मीडिया से जुड़े भिवानी शहर तथा अन्य शहरों के गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिरकत की। इस चारु कार्यक्रम का सुंदर संचालन अनीता नाथ ने किया। बेटियों द्वारा अपने अभिभावकों की विरासत को जीवित और जीवंत रखने की पहल के रूप में यह एक स्वागत योग्य तथा सराहनीय कार्यक्रम रहा।

# डीडीपीओ ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर आयोजित हुआ। समाधान शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

डीडीपीओ के समक्ष पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने गांव जाटू लोहारी की वाल्मीकि चौपाल व जांगडा धर्मशाला परिसर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाने, सुनील वर्मा नंबरदार ने हांसी गेट व घंटाघर गेट के फुटपाथ पर हो रहे अतिक्रमण हटवाने, अनिल सोलंकी ने हनुमान गेट रोड़ पर गड्ढे दुरूस्त करवाने, बडेसरा निवासी अशोक ने खेत में जमा पानी निकलवाने, भगवानदास ने बावड़ी गेट के गढ्ढों को दुरूस्त करवाने व घण्टाघर गेट पर मेडिकल कॉलेज के सामने बने गड्ढों को ठीक करवाने, कृष्णा देवी ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने, देवराला निवासी सतीश वर्मा ने स्ट्रीट लाईट कनेक्शन दिलवाने, बडेसरा निवासी जिले सिंह ने खेत में जाने के लिए रास्ता दिलवाने की समस्या रखी। इसी प्रकार से डीडीपीओ के समक्ष गांव दांगकला निवासी विरेन्द्र सिंह ने फसल खराबा का मुआवजा दिलवाने, बलराम ने गली से अवैध कब्जा हटवाने के लिए शिकायत रखी।

### समस्याओं का समाधान तुरंत करें

डीडीपीओ ने समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उचित कार्रवाई कर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित होते हैं, जिनमें नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती हैं। आमजन अपनी समस्या समाधान शिविर में रख सकता है। समाधान शिविर में आरटीए सचिव मनोज कुमार, टीएम भरत परमार, डिप्टी एलडीएम राजवंती सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के अलावा गैर सरकारी सदस्य रामकिशन हालुवासिया, सुनील वर्मा नंबरदार, केके ग्रोवर, राम गोपाल सैनी, नरेन्द्र ग्रेवाल, अनिल सोलंकी, सतीश वर्मा व अजीत शेखावत मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती मनाई

**भिवानी।** वैश्य सीनियर सैकण्डरी स्कूल भिवानी में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष पवन कुमार बुवानीवाला एवं महासचिव विजयकिशन अग्रवाल ने उस महान विभूती एवं समाज सुधारक को स्मरण किया और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विवेकानंद ने शिकागो में विश्व धर्म महासभा में 'वसुधैव कुटुंबकम्'का सन्देश दिया। स्वामी विवेकानन्द का जीवन और उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायी हैं।

## विश्व की सबसे बड़ी युवा संख्या भारत में हीः सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



आध्यात्मिक व मानवीय मूल्यों से युक्त युवाओं के हाथों समाज और राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित हो सकता है। मूल्य निष्ठ समाज का निर्माण युवाओं की सक्रिय व सकारात्मक भागीदारी के कारण संभव है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है क्योंकि विश्व की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या भारत में ही निवास करती है। वास्तव में किसी भी देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक दिशा उसके युवाओं के सकारात्मक विचार उच्च चरित्र और आचरण पर निर्भर करती है। युवा सोच को सकारात्मक बनाने के लिए आध्यात्मिकता की अति आवश्यकता है अध्यात्म मानव का दर्पण है जिससे हम स्वयं को अंदर बाहर से सही वह अच्छी तरह से जान अपना नैतिक व चारित्रिक उत्थान कर सकते हैं। उक्त उद्गार राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी आकोदा के शिक्षके सुनील कुमार ने अभिव्यक्त किए ।

# बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया

## विवेकानंद व सरस्वती की जयंती के मध्य करेंगें सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

ग्राम पंचायत काकड़ोली सरदारा के आयुष आरोग्य मंदिर के प्रांगण में सोमवार को आयुष विभाग के योग शिक्षक योगाचार्य दिनेश रोहिल्ला द्वारा बच्चों युवाओं बुजुर्गों व महिलाओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। आयुष योग शिक्षक योगाचार्य दिनेश रोहिला ने बताया कि पिछले वर्षों की भांति 2026 में भी सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। जिसका आयोजन 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती से 12 फरवरी महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के मध्य पूरे हरियाणा में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन राज्य जिला ब्लॉक व ग्रामीण स्तर पर किया जाएगा ताकि हर घर तक योग व सूर्य नमस्कार द्वारा स्वास्थ्य संवर्धन के हरियाणा योग आयोग के लक्ष्य को पहुंचाया जा सके।

### योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया

ग्रामीणों को यौगिक सूक्ष्म व्यायाम व सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया व दैनिक दिनचर्या में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता पैदा करना है ताकि प्रत्येक व्यक्ति योग से जुड़कर के अपने स्वास्थ्य को बनाए रखना के साथ ही चरित्रवान व संस्कारवान व्यक्तित्व का निर्माण करके अच्छे घर परिवार समाज राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सके। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयुष विभाग शिक्षा विभाग खेल विभाग पुलिस विभाग स्वास्थ्य विभाग जेल विभाग अर्ध सैनिक बल राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर की योग संस्थाएं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान हरियाणा योगासन स्पोट्र्स एसोसिएशन और प्रमुख सामाजिक संस्थाओं व युवा संस्थाओं के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा।

# कैडेट्स ने शानदार मार्च पास्ट किया

## देश की तरक्की के लिए विवेकानंद के दिखाए मार्ग को अपनाएं युवा : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप प्रशिक्षण केंद्र में गणतंत्र दिवस परेड कैंप-2026 का शुभारंभ किया गया। देशभक्ति के उत्साह और युवाओं के जोश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में अनुशासन और सामाजिक सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष विजेंद्र बडगुजर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह द्वारा की गई। मंच का संचालन गाइड रेंजर कैप्टन पुष्पा देवी ने किया, जिन्होंने अपने संबोधन से युवाओं में ऊर्जा का संचार किया।



**भिवानी।** कैडेटस को सम्मानित करते हुए।

युवा दिवस के इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र का मैदान भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। ऑल ओवर परेड कमांडर विजय अहिरवार के नेतृत्व में कैडेट्स ने शानदार मार्च पास्ट किया। परेड टुकड़ी का सफल संचालन कमांडर मयूर द्वारा किया गया। सीनियर रोवर नितेश कुमार ने ध्वजारोहण की रस्म पूरी करवाई और उन्हीं के नेतृत्व में मुख्य अतिथि को सम्मान गार्ड के रूप में सलामी दी गई।

### समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने को किया प्रेरित

कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण समाज सुधार की दिशा में युवाओं का योगदान रहा। नशा मुक्ति अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले 15 होनहार स्काउट्स और रोवर्स को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान युवाओं को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दिया गया। सह ग्रुप लीडर अमित कुमार, अंकित और सुनील वर्मा ने मुख्य अतिथि को प्रशिक्षण केंद्र का बारीकी से निरीक्षण करवाया और आगामी प्रशिक्षण योजनाओं की जानकारी दी। वही ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह ने उपस्थित सभी युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस की शपथ दिलवाई और 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

## सड़क सुरक्षा नियमों की पालना में जन भागीदारी जरूरी : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि सरकार के पैरामीटर के अनुसार पुलिस और प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों ने तालमेल करके उपमंडल में और बेहतर यातायात नियमों की पालना, पर्यावरण सरक्षण और बच्चों व महिलाओं के उत्थान के लिए सरकारी नीतियों के बेहतर क्रियान्वन का अमलीजामा पहनाना है।

एसडीएम प्रदीप अहलावत ने सोमवार को अपने कार्यालय में सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की पालना, पर्यावरण संरक्षण, बाल एवं महिला सरक्षण व जनहित के अन्य मुद्दों पर सरकारी आदेशों की बेहतर पालना करने बारे बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशों के अनुसार सड़क सुरक्षा को तोशाम शहर और उपमंडल में बेहतर बनाकर जाम मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण मुक्त बनाने के बेहतर कार्य करना है। एसडीएम ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि प्रशासन व पुलिस जनता के सहयोग से सुशासन व्यवस्था और बेहतर क्रियान्वन कर सकती है। उप पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह ने पर्यावरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

# मंदिर में स्वामी विवेकानंद जयंती पर सीख संस्कारों की अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सोमवार को स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बालयोगी महंत चरणदास के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और शहरवासियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बालयोगी महंत चरणदास ने युवाओं को नई दिशा देने के लिए एक बड़े अभियान की



**भिवानी।** स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

घोषणा की। उन्होंने बताया कि युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा सोमवार से एक मासिक कार्यक्रम का आगाज किया गया है, जिसे सीख संस्कारों की नाम दिया गया है। यह अभियान 12 फरवरी को स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती तक निरंतर जारी रहेगा।

## मानव तस्करी हर वर्ग को प्रभावित करने वाली गंभीर चुनौतीः अनुराधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के तत्वावधान में नेशनल ह्यूमन ट्रैफिकिंग अवेयरनेस डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हालू मोहल्ला स्थित आँगनवाड़ी केंद्र में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पवन कुमार के दिशा-निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता अनुराधा खंगवाल ने मानव तस्करी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी केवल महिलाओं और बच्चों तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग को प्रभावित करने वाली गंभीर चुनौती है। उन्होंने विक्टिम्स ऑफ ट्रैफिकिंग एंड कमर्शियल सेक्सुअल एक्सप्लॉइटेशन स्कीम, 2015 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत मानव तस्करी के शिकार पीड़ितों को पुनर्वास, चिकित्सा सुविधा, कानूनी सहायता, परामर्श तथा आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है।




**भिवानी।** मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन करते हुए।

### लंबित मांगों को लेकर मिड डे मील कर्मियों ने निदेशक को भेजा ज्ञापन

**भिवानी।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा सम्बंधित सीटू के प्रतिनिधिमण्डल ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को निदेषक के नाम ज्ञापन सौपकर मिड डे मील कर्मियों को पक्का किये जाने, 26000 रूपये न्यूनतम वेतन देने, 12 महीने का वेतन व वेतन में बढोतरी की मांग की गई। इस प्रतिनिधिमण्ड़ल में यूनियन नेता सुदेश रिवासा, पूनम, संतरा, नीतू, निर्मला, समरती, रोशनी, बाला, सीटू नेता कामरेड अनिल कुमार व भीम सिंह आदि उपस्थित थे। मिड डे मील कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए यूनियन व सीटू नेताओं ने कहा की वर्तमान भाजपा सरकार मजदूर व कर्मचारी विरोधी हैं। भाजपा सरकार लम्बे समय से काम कर रही मिड डे मील कर्मीयों का भारी शोषण कर रही हैं। भाजपा सरकार ने 21 नवम्बर को 29 श्रम कानूनों को खत्म करके 4 लेबर कोड लागू करके मजदूर, कर्मचारियों को पूजिपतियों का गुलाम बनाने का षडयंत्र कर रही हैं। भाजपा सरकार 45 वे श्रम सम्मेलन की रिपोर्ट को लागू नही कर रही हैं जिसके तहत मिड डे मील कर्मीयों को पक्का किए जाने व न्यूनतम वेतन देने का प्रस्ताव पास किया गया था।

## कड़ाके की ठंड के बावजूद 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# सीबीएलयू में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वदेशी संकल्प दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू), भिवानी में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस बड़े उत्साह एवं राष्ट्रभावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में "रन फॉर स्वदेशी (स्वदेशी संकल्प दौड़)" का आयोजन किया गया, जिसमें कड़ाके की ठंड के बावजूद 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, अनुशासन, शारीरिक स्फूर्ति तथा राष्ट्र-निर्माण के संकल्प को जागृत करना था। दौड़ से पूर्व विद्यार्थियों को स्वदेशी संकल्प दिलाया गया तथा स्वामी विवेकानंद




के विचारों से प्रेरित संदेश दिए गए। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, की युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आँखों में सपने होते हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि उनके अनुसार हिंदू धर्म की नींव आत्मा की अमरता और आत्मज्ञान पर आधारित है। प्रत्येक व्यक्ति के भीतर दिव्यता निहित है और आत्मा अनंत, अमर एवं शाश्वत है।

हिंदू धर्म का उद्देश्य इसी दिव्यता को पहचानना और जीवन में प्रकट करना है। कुलपति ने युवाओं से आह्वान किया कि वे लोहे जैसी मांसपेशियों, फौलादी नसों और वज्रतुल्य संकल्पित हृदय के साथ राष्ट्र-निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने दैनिक जीवन के निर्णयों में छोटे किंतु ठोस परिवर्तन कर स्थानीय रूप से निर्मित एवं भारत में बने उत्पादों को अपनाएँ तथा उद्यमशीलता की ओर अग्रसर होकर केवल नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें।

### आत्मनिर्भरता दीपक के समान

स्वदेशी जागरण मंच की सह-समन्वयक (हरियाणा प्रांत) एवं रोजगार सहायता केंद्र की निदेशक प्रो. सुनीता भरतवाल ने अपने संबोधन में कहा की आत्मनिर्भरता ही वह दीप है जो स्वतंत्रता को प्रकाश देता है, और स्वदेशी वह पथ है जिस पर चलकर राष्ट्र आत्मसम्मान, समृद्धि और संप्रभुता—तीनों को एक साथ प्राप्त करता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को सशक्त एवं समृद्ध युवा शक्ति के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर भारत की गौरवशाली प्रतिष्ठा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करने हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित करना था।

### सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

यह दौड़ न केवल प्रतीकात्मक रूप से विद्यार्थियों में शारीरिक एवं मानसिक शक्ति के संकल्प का आह्वान थी, बल्कि स्वदेशी की शक्ति के माध्यम से भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाकर उसे विश्व नेतृत्व की ओर अग्रसर करने के लिए आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात करने का दृढ़ संकल्प भी थी। राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद केंद्र द्वारा व्याख्यान जैसे अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें युवाओं से सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से स्वयं को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

## मांगे नहीं मानी तो अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाने पर होंगे मजबूर

# प्रदूषण रहित ई रिक्शा पर हर माह टैक्स के विरोध में प्रदर्शन





भिवानी। शहर में ई रिक्शा लेकर जुलुस निकालकर विरोध जताते हुए तथा नारेबाजी करते ऑटो रिक्शा यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### प्रदर्शनकारियों ने विधायक सर्राफ के आवास पर पहुंचकर सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

न्यू आटो रिक्शा एसोसिएशन व भिवानी थ्री व्हीलर तिपहिया रेहड़ी एवं फुटपाथ व रिक्शा एसोसिएशन द्वारा अपनी मांगों को लेकर सोमवार को शहर में प्रदर्शन कर विधायक के नाम सौंपा गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाने पर मजबूर होंगे। ऑटो रिक्शा चालकों ने जुलूस शहर के मुख्य मार्गो से निकाला और बाग कोठी स्थित विधायक के आवास पर पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि ई रिक्शा चालक अपनी ई रिक्शा की फाइनेंस की किस्त भरने के बाद मुश्किल से 150 से 200 रुपये प्रतिदिन ही कमा पाते हैं। ऐसे में वार्षिक 50 हजार से 70 हजार रुपये ही कमाते हैं। सरकार ने उनके राशन कार्ड काट दिए हैं और उन्हें राशन मिलना बंद हो गया है। ऐसे में उनके दोबारा से राशन कार्ड बनाए जाएंगे। इसके अलावा सरकार यदि 10-12 साल पहले पुराने आटो रिक्शाओं को बंद करवाती है या कबाड़ घोषित करती है तो सरकार द्वारा किसी भी कंपनी से उनके नई आटो रिक्शा केवल 50 से 60 हजार रुपये अदा करके उपलब्ध करवाये। लर्निंग लाइसेंस बनवाते समय कंप्यूटर के टेस्ट लेने पर भी रोक लगाई जाये। इससे भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा हो रहा है। रेहड़ी व फुटपाथ वालों के लिए आराम से जीवन यापन करने के लिए पूरे शहर में सुविधा लैस एक मंजिल से लेकर चार मंजिल तक मार्केट उपलब्ध करवाई जाये। सरकार की तरफ से विकास कार्यों के लिए विधायक को जो अनुदान राशि उपलब्ध करवाई जाती है, उसमें से पांच या 10 फीसदी की राशि रेहड़ी व फुटपाथ वालों के लिए मार्केट बनवाई जाये। कृष्णा कालोनी स्थित सब्जी मंडी का शैड जोकि जर्जर हालत में है, उसको दोबारा से नया बनाया जाये।

#### प्रधान ने ज्ञापन के माध्यम से रखी मांगें

इससे पूर्व एकत्रित ऑटो व ई रिक्शा चालकों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के प्रधान राजेंद्र सोनी ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि डीजल आटो रिक्शा व सीएनजी आटो रिक्शा की समय सीमा 10 साल से बढ़ाकर 20 साल की जाए। पूरे भारतवर्ष को छोड़कर केवल हरियाणा राज्य में ई रिक्शा पर प्रति माह टैक्स वसूला जा रहा है जबकि ई रिक्शा प्रदूषण रहित है। ई रिक्शा का टैक्स व पासिंग बिल्कुल खत्म किया जाये। सरकार द्वारा पासिंग फीस 200 रुपये बढ़ाई गई है, उसको तुरंत वापिस लिया जाये। यदि बढ़ाई गई राशि सरकार जबरन उनके ऊपर थोपती है तो वे सभी अपने वाहनों की पासिंग करवाना बंद कर देंगे और बगैर पासिंग किये अपने वाहन को सडक़ों पर चलाने के लिए मजबूर होंगे।

#### ये रहे शामिल

ज्ञापन सौंपने वालों में विजय, विनोद, अजीत सिंह, जोगेंद्र, सूबे सिंह, मनोज, पंकज, राधे, श्याम, रविंद्र कुमार, नवीन बापोड़ा, सुरेंद्र दिनोद, मामनचंद, रोहित, सुमेर व राजपाल शामिल थे।



भिवानी। स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गोलपुरा स्कूल में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

## स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत: हरेंद्र सिंह पुनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में गांव गोलपुरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्यों, एसएमसी सदस्यों और विद्यार्थियों ने स्वामी के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएमसी प्रधान शमशेर सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया गया। इस गौरवमयी क्षण में पूरा वातावरण स्वामी के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में पूर्व निरीक्षक सूरज भान का विशेष मार्गदर्शन और सानिध्य भी इस कार्यक्रम को प्राप्त हुआ।

विद्यालय प्रभारी मास्टर हरेंद्र सिंह पूनिया ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन संघर्ष और उनकी शिक्षाओं के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत हैं। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों और विद्यार्थियों ने स्वामी जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने और अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहकर लक्ष्य प्राप्ति की ओर निरंतर बढ़ने की शपथ ली। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

#### किया आह्वान

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य विजय सिंह परमार ने सभी उपस्थित अतिथियों और स्टाफ का धन्यवाद व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं से ना केवल अपने करियर पर ध्यान देने, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण को बचाने का भी आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक स्वस्थ समाज के लिए पर्यावरण का सुरक्षित होना अनिवार्य है।

#### ये रहे मौजूद

जिनमें मुख्य रूप से रामविलास, ईश्वर शर्मा, दरिया सिंह, मनीषा, पंच प्रवीण, सरिता, सुशीला, डा. मोनिका, लाजपत राय, कृष्ण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## बलिदानी किसानों को नमन, सरकार ले पीड़ित किसानों के परिजनों की सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

गांव हड़ौदी में सडक़ हादसे की २४ वीं बरसी पर बलिदानी स्मारक पर सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शहीद किसानों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वाले किसान संगठनों ने किसान को कर्जमुक्त करने, हादसे के पीड़ित परिवारों को तुरंत पांच पांच लाख की आर्थिक मदद व रोजगार मुहैया करवाने, वर्षो से बकाया मुआवजा जारी करने, किसान नेता रवि आजाद प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाने, गांव के ग्रामीणों की लंबित बिजली समस्याओं व किसानों की अनदेखी पर सरकार से जल्द ही सुध लेने की अपील की।

गांव हड़ौदी स्मारक परिसर में भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता राजकुमार हड़ौदी ने कहा कि यह क्षेत्र किसान व नौजवान की जन्मभूमि कर्मभूमि है और जब -जब प्रदेश में किसान का शोषण हुआ है तो यहां पर क्रांति का बिगुल बजा है लेकिन सरकारें उनके त्याग बलिदान को भुला रही हैं। कई बार प्रकृति भी मानव से रुठ जाती है। सडक़ हादसे के रुप में घटित इस दुर्घटना ने हमारे मौजिज व अनुभवी बुजुर्गो के अलावा युवा किसानों को छिन लिया है जिसकी भरपाई मुश्किल है। प्रदेश सरकार से अपील भी कर रहे हैं कि हादसे के पीड़ितों के विकास के लिए नई योजनाएं संचालित की जाएं।

#### अन्नदाता की उपेक्षा बहुत भारी पड़ेगी: हरपाल सिंह

भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा ने कहा कि हड़ौदी के इन शहीदों का बलिदान कभी बेकार नहीं जाएगा। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि आजादी के लंबे अंतराल के बाद भी किसानों व ग्रामीणों को अपनी मुलभूत सुविधाओं की प्राप्ति के लिए दूरदराज जाकर अधिकारियों को फरियाद करनी पड़ रही है। आज किसान को अपने अस्तित्व के लिए दर -दर भटकना एक मजबूरी बन गया है। सरकार को अन्नदाता की उपेक्षा बहुत भारी पड़ेगी। इसीलिए सरकार को इन सभी पीड़ितों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक -एक परिजन को सरकारी नौकरी मुहैया करवानी चाहिए।

#### ये रहे मौजूद

श्रद्धासुमन कार्यक्रम में समाजसेवी महादेव बलाली, नरेश पातुवास, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश हड़ोदी, भाकियू महासचिव ओमप्रकाश उमरवास, गिरधारी मोद, धर्मबीर फौजी, राजेंद्र डोहकी, राजबीर शास्त्री चिड़िया, कप्तान भीम सिंह द्वारका, सुरेश शर्मा हडौदा, महावीर सिंह, ईश्वर फौजी, प्रदीप बाढड़ा, रामकिशन भांडवा, सुरेन्द्र सिंह, लीलूराम, रणधीर, पारस हडौदी, कमल सिंह, विनोद मांढी, ममता, राकेश फौगाट, जगबीर चांदनी, पंच रणधीर सिंह आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### विभाग ने मनाया लोहड़ी पर्व : किरण

**तोशाम।** सीडीपीओ किरण ने कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। महिलाओं ने हर युग में पुरुष का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया है। वे सोमवार को गांव पटौदी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लोहड़ी उत्सव पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि माता और पिता को बेटियों का बेटों के समान शिक्षा व दीक्षा देनी चाहिए। बेटियां बेटों से बेहतर कार्य करके समाज में परचम लहरा रही है। कार्यक्रम में बेटियों को जन्म देने वाली 10 माताओं को भी सम्मानित किया गया। सूर्य बेटी उत्सव, लोहड़ी, सैल्फी कार्यक्रम में माताओं के अलावा सीडीपीओ ऊषा रानी, सुपरवाइजर पंकज, आंगनबाड़ी वर्कर राजबाला निर्मला, ललावती, सोनिका, रेणु, मंजू, गीता, पीली, जुली सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

### सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए पीएमएफएमई योजना मददगार

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत विशेष पहल की जा रही है। इस योजना के तहत इच्छुक लाभार्थी अपने नए अथवा मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की स्थापना, विस्तार एवं उन्नयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने में पीएमएफएमई योजना कारगर साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित है। योजना का लाभ नए व मौजूदा निजी तथा समूह आधारित सूक्ष्म उद्यमों को दिया जा रहा है। योजना के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीय नागरिक पात्र हैं। व्यक्तिगत उद्यमी, गैर-सरकारी संगठन, सरकारी समितियां, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में भी आवेदन किया जा सकता है।

### कॉलेज में उत्साहपूर्वक मनाया विश्व हिन्दी दिवस

**बाढड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं हिन्दी विभाग की प्रो. मीना के नेतृत्व में विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, साथ ही हिन्दी के महत्व, गरिमा और सांस्कृतिक विरासत से उन्हें जोडना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में बढ़-चढक़र भाग लिया। छात्राओं ने अपने पोस्टरों व स्लोगनों के माध्यम से हिन्दी भाषा की महत्व, उसकी वैश्विक पहचान और सांस्कृतिक विरासत को सृजनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्राओं की रचनात्मकता और भाषाई दक्षता देखते ही बनती थी।

### किसानों ने स्वामी विवेकानंद को किया याद

**लोहारू।** लघु सचिवालय परिसर में करोड़ों रुपयों के बकाया बीमा क्लेम भुगतान को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के दौरान मंगलवार को जयंती के मौके पर किसानों ने स्वामी विवेकानंद को याद किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। बता दें कि बकाया फसल बीमा क्लेम को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान पिछले 181 दिनों से अनिश्चितकालीन महापड़ाव पर लोहारू डटे हुए हुए। प्रतिदिन धरने को किसानों का समर्थन मिल रहा है। मंगलवार को किसानों के धरने की अध्यक्षता मंदरूप नेहरा, विजय ओबरा, मानसिंह, रणबीर और सुमेर ढ्ढूषसह ने संयुक्त रूप से की। धरने पर किसानों ने स्वामी विवेकानंद के उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए मूल मंत्र का जिक्र किया।

## श्रीराम कथा का आयोजन 26 से दुर्लभ है संत समागम, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

26 जनवरी से नारनौल के जौरासी गांव स्थित श्रीश्याम मंदिर धाम में आर्यवर्त सेवा न्यास के शुरू होने वाले भव्य व आध्यात्मिक अनुष्ठान को लेकर जोरदार तैयारियां चल रही हैं। इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत श्री रामकथा एवं 151 कुण्डीय सहस्त्र न चण्डी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

श्री राम कथा के लिए व्यास पीठ पर जगतगुरु रामभद्राचार्य होंगे। इसमें चरखी दादरी जिले से हजारों भक्तजन शरीक होंगे। आयोजक कमेटी सदस्य स्टोन क्रेशर एसोसिएशन अध्यक्ष सोमबीर घसोला ने बताया कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम कई सालों के बाद संभव है जिससे भक्तजनों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। आर्यवर्त सेवा न्यास के तहत करवाए जा रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में शहर की अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं भी सक्रिय सहयोग प्रदान कर रही हैं। इनमें श्री श्याम मस्ताने परिवार ने श्रद्धालुओं हेतु भोजन व्यवस्था एवं न प्रसाद वितरण का दायित्व संभाला है। ग्राम जौरासी की ग्राम पंचायत द्वारा इस आयोजन के लिए 25 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है, जो इस महाआयोजन के प्रति सामूहिक सहभागिता और सहयोग की भावना को दर्शाती है।



भिवानी। मनोनित पार्षदों को सम्मानित करते हुए।

### कृष्ण यादव और संजय वधवा दोनों ही धरातल से जुड़े हुए कर्मठ व्यक्ति: यादव

**भिवानी।** मिनी बाईपास क्षेत्र स्थित विदाई पैलेस में मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन कृष्ण यादव और वाईस चेयरमैन संजय वधवा तथा मनोनित पार्षद सतपाल यादव के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन जगदीश यादव और पूर्व पार्षद अशोक यादव द्वारा किया गया, जिसमें शहर की प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में विधायक घनश्याम सर्राफ के पुत्र अमन सर्राफ और नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन रमेश टांक ने किया। अतिथियों की सूची में पूर्व चेयरमैन मामनचंद, रण सिंह यादव, पूर्व चेयरमैन संदीप यादव, कर्मबीर यादव, मनोनित पार्षद सतपाल यादव, प्रवीण चावला, पार्षद विनोद चावला, हर्षदीप डुडेजा और नरेंद्र सर्राफ जैसे गणमान्य नाम शामिल रहे। औद्योगिक थाना के एसएचओ मितेश यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया। आयोजक जगदीश यादव और अशोक यादव ने चेयरमैन कृष्ण यादव और वाईस चेयरमैन संजय वधवा का फूल-मालाओं और स्मृति चिह्न के साथ स्वागत करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृष्ण यादव और संजय वधवा दोनों ही धरातल से जुड़े हुए कर्मठ व्यक्ति हैं।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हमारा उद्देश्य: कामरा

### मानवता की सेवा में लायंस क्लब का बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले लायंस क्लब भिवानी सिटी ने एक बार फिर करुणा और सेवा की मिसाल पेश की है। क्लब द्वारा संचालित अन्नपूर्णा भंडारा एवं लंगर सेवा सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष सेवा प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांगों और जरूरतमंदों की सेवा कर समाज में संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। यह पुण्य कार्य लायन अमित बंसल के सौजन्य से उनके भतीजे विपुल बंसल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। आमतौर पर लोग जन्मदिन जैसे उत्सवों को निजी आयोजनों तक सीमित रखते हैं, लेकिन बंसल परिवार ने इसे मानवता की सेवा को समर्पित कर एक नई राह दिखाई। स्थानीय रामगंज महोल्ला स्थित श्रीमती देवीबाई आश्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में लायंस सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि क्लब के सदस्यों ने स्वयं अपने हाथों से दिव्यांगों और अपंगजनों को बड़े ही सम्मान और स्नेह के साथ भोजन कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रधान आशु कामरा ने सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि लायंस क्लब भिवानी सिटी केवल एक संगठन मात्र नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति समर्पित एक सशक्त सेवा अभियान है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। यदि इच्छाशक्ति हो तो सामूहिक प्रयासों से समाज में समानता और करुणा की भावना को और भी मजबूत किया जा सकता है।



चरखी दादरी। सर्च अभियान चलाते पुलिसकर्मी फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व सार्वजनिक स्थानों पर चलाया सर्च अभियान

**चरखी दादरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए दादरी पुलिस ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सर्च अभियान चलाया। प्रभारी थाना शहर निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में प्रभारी बस स्टैंड पुलिस चौकी, पुलिस टीम, सक्योरिटी एजेंट व डॉग स्कवॉयड ने मिलकर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग की गई । पुलिस टीम ने संदिग्ध वस्तुओं और अनाधिकृत परिधानों की तलाशी ली और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर बनी पार्किंग में खड़े वाहनों को चैक किया गया व लोगों से पुछताछ की गई। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर यात्रियों के सामान की सतर्कता से जांच की लेकिन कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु बरामद नहीं हुई । प्रभारी थाना शहर दादरी ने बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर में सुरक्षा सुनिश्चित करने, संभावित खतरों की समय पर पहचान करने और आम लोगों के सुरक्षित माहौल को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दादरी पुलिस ने शहर में सर्च अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस, त्यौहार व बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान चरखी दादरी पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रबंध अपनाए जाते हैं ताकि जिले में कानून व्यवस्था कायम रह सके । किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार के संभावित खतरे को होने से रोका जा सके ।

**समारोह** सांसद व भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया बार एसोसिएशन के नए वेटिंग हॉल का उद्घाटन

# आमजन को न्याय दिलाने का सेतु है अधिवक्ता: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने सोमवार को स्थानीय कोर्ट परिसर स्थित जिला बार एसोसिएशन के परिसर में नवनिर्मित सिटिंग हॉल (शेड) का उद्घाटन किया। अधिवक्ताओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सांसद ने इस हॉल को जनता और वकीलों के लिए समर्पित किया। गौरतलब होगा कि इस शैड के निर्माण पर डी-प्लान के तहत 15 लाख 4 हजार रुपये का हुआ खर्च जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के अथक प्रयासों का परिणाम है।

कार्यक्रम के दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप तंवर और सचिव विनोद भारद्वाज ने सांसद को एक मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में बार की बेहतरी के लिए महिलाओं और पुरुष वकीलों के लिए 60 बाई 35 फीट के दो आधुनिक रिक्रिएशन हॉल का निर्माण करवाए जाने, बार परिसर की बिजली समस्या के समाधान के लिए 100केवी का सोलर प्लांट स्थापित करवाए जाने, उपभोक्ता अदालत के लिए मिनी सचिवालय में कैंप कार्यालय की मांग भी रखी गई। समारोह के दौरान बार एसोसिएशन ने एक अन्य महत्वपूर्ण पत्र सांसद को सौंपा। पत्र के माध्यम से मांग की गई कि जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का कैंप कार्यालय मिनी सचिवालय के कमरा नंबर 30 में दो दिनों के लिए स्थायी रूप से चलाया जाए। इससे भिवानी की जनता को अपने उपभोक्ता मामलों के निपटारे के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।




भिवानी। कार्यक्रम में पहुंचे सांसद का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बार परिसर में सुविधाओं की कमी नहीं रहने दी जाएगी: धर्मबीर

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज का वह स्तंभ हैं जो आम आदमी को न्याय दिलाने में सेतु का काम करते हैं। बार परिसर में सुविधाओं की कमी नहीं रहने दी जाएगी। सिटिंग हॉल बनने से अब क्लाइंट्स और वकीलों को बैठने में सुविधा होगी। सोलर प्लांट और रिक्रिएशन हॉल की मांगों पर वे स्वयं मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों से बात कर इन्हें जल्द पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। वही भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। बार एसोसिएशन की मांगें जायज हैं और हम सुनिश्चित करेंगे कि अधिवक्ताओं को कार्य करने के लिए बेहतरीन बुनियादी ढांचा मिले। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप तंवर ने कहा कि सांसद के आभारी हैं कि उन्होंने हमारे आग्रह पर सिटिंग हॉल का निर्माण करवाया। उन्हे पूर्ण विश्वास है कि शेष मांगों, विशेषकर उपभोक्ता अदालत के कैंप कार्यालय और सोलर प्लांट को भी वे जल्द अमलीजामा पहनाएंगे। इस अवसर पर भारी संख्या में अधिवक्ता, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

